# SWARNKAR EDUCATION TRUST ®

# स्वर्णकार एजुकेशन ट्रस्ट ( रजि. )

swarnkareducationtrust@gmail.com

Founder Trustees

Laxmi Narayan Soni
(IAS Retd.)
97997 91000

Dr Gunjan Soni
(RAS)
95491 11333

Umesh Kumar Soni
93144 05401

Dr Bajrang Lal Soni
98290 83208

CA Rajendra Kumar Soni
98290 20385

Ref No. : 2026/SET_P_M/01 Date : 09-01-26

## प्रेस विज्ञप्ति

जयपुर, 9 जनवरी। राजस्थान प्रदेश में स्वर्णकार समाज के योग्य विद्यार्थियों को उनकी आर्थिक कठिनाईयों के कारण बेहतर शिक्षा प्राप्त करने में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए स्वर्णकार एजूकेशन ट्रस्ट का गठन किया गया है।

पूर्व आई.ए.एस. लक्ष्मीनारायण सोनी, आर.ए.एस डॉ. गुंजन सोनी, शिक्षाविद् उमेश कुमार सोनी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बजरंग लाल सोनी, चार्टड अकांटेंट राजेन्द्र कुमार सोनी ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी हैं। ट्रस्ट में विशेष रूप से शिक्षा क्षेत्र में रुचि रखने वाले समाज के योग्य एवं अनुभवी व्यक्तियों को बोर्ड ट्रस्टी एवं एडवाइजर ट्रस्टी के रूप में जोडा जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों के अकादमिक सहयोग एवं ट्रस्ट की गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न गुणीजनों को मेंटर, विषय विशेषज्ञ, कॉर्डिनेटर्स एवं अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग हेतु साथ लाया जाएगा।

विभिन्न श्रेणियों में दानदाताओं के सहयोग से वित्तीय व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कर छात्रवृत्तियाँ प्रदान की जाएँगी।

ट्रस्ट के सचिव उमेश कुमार सोनी ने बताया कि छात्रवृत्तियों के अन्तर्गत पोस्ट मैट्रिक अकादमिक, प्रोफेशनल, प्रतियोगी परीक्षा तैयारी हेतु विद्यार्थियों को उनकी योग्यता एवं आवश्यकता के अनुरूप प्रथम वर्ष में न्यूनतम 10 लाख रुपये राशि छात्रवृत्ति के रूप में वितरित करने का लक्ष्य है।

ट्रस्ट की बेवसाइट को इसी माह जनवरी में शीघ्र ही लांच किया जाएगा। जहां ट्रस्ट से संबंधित सभी जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होंगी। छात्रवृत्तियों के लिए आवेदन एवं अन्य कार्य भी बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाइन संचालित किए जाएंगे।

माह फरवरी अंतिम सप्ताह अथवा मार्च प्रथम सप्ताह में सत्र 2026–27 में छात्रवृत्ति हेतु विज्ञप्ति जारी की जाएगी। जिसके अनुरूप विद्यार्थी बेवसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

(उमेश कुमार सोनी)
सचिव
मो. 9314405401